# DEV SANSKRITI COLLEGE
## OF EDUCATION & TECHNOLOGY

**Khapri, Dhamdha Road, Durg (Chhattisgarh)**

E-Mail Id – officedscet@gmail.com


# वार्षिक प्रतिवेदन
## (Annual Report)

सत्र : 2021–22


प्रस्तुति

डॉ. कुबेर सिंह गुरूपंच

प्राचार्य

# महाविद्यालय का परिचय

देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी ग्राम–खपरी, पोस्ट–जेवरा सिरसा, धमधा मेन रोड, जिला–दुर्ग में स्थित है। महाविद्यालय का संचालन वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति द्वारा 2007 से किया जा रहा है। हमारा महाविद्यालय रेलवे स्टेशन से महज 6 किमी. की दूरी पर व ITI कुटेला भाठा भिलाई से 2 किमी. की दूरी पर स्थित है। महाविद्यालय का स्वयं का विशाल भवन सर्वसुविधायुक्त संरचना के साथ–साथ बहुत सुदर उद्यान जो कि प्लास्टिक तंबाकू मुक्त परिसर में उपस्थित है। हमारे महाविद्यालय का मुख्य सिद्धांत '**तमसो मा ज्योर्तिगमयं**' अर्थात हे प्रभु हमें अज्ञानता से ज्ञान की प्रकाश की ओर ले चलो है। इस सिद्धांत के अंतर्गत ही हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिये ज्ञान का प्रकाश प्रज्जवलित करता है।

# प्राध्यापक सूची

| S.No. | Name of the teacher | Designation | Nature of appointment | Name of Dept. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Kuber Singh Gurupanch | Principal | Permanent | |
| 2. | Mrs. Mamta Dubey | Assit.Prof | Permanent | Computer Sci. |
| 3. | Mr. Jaihind Kachhoriya | Assit.Prof | Temporary | Computer Sci. |
| 4. | Mrs Priyanka Pandey | Assit.Prof | Temporary | Computer Sci. |
| 5. | Miss Sweta Sao | Assit.Prof | Temporary | Commerce |
| 6. | Mr. Amit Kumar Agne | Assit.Prof | Permanent | Commerce |
| 7. | Miss. Preeti Janghel | Assit.Prof | Temporary | Commerce |
| 8. | Mrs. Jyoti Purohit | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 9. | Mrs. Reena Manikpuri | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 10. | Mrs. Kirtilata Soni | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 11. | Mrs.Prity Pandey | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 12. | Mrs.Varsha Sharma | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 13. | Miss. Chitrekha Raghuvanshi | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 14. | Mrs. Vandan Kosre | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 15. | Mrs. Sarita Tamrakar | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 16. | Mr. P. Harish | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 17. | Mrs.Archana Pandey | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 18. | Miss. Varsha Yadav | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 19. | Mr. Laxmi Narayan | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 20. | Mrs. Durgesh Nandini | Assit.Prof | Temporary | Education |

# गैर शैक्षणिक सूची

| S.No. | Name of the Staff | Post |
|---|---|---|
| 1. | Mr. Vinod Nair | Accountant |
| 2. | Mr. Ganesh Sahu | Office Superintendent |
| 3. | Mr. Yogesh Sahu | Librarian |
| 4. | Mr. Dhanesh Sahu | Assit. Librarian |
| 5. | Mr. Parmanand Gautam | Office Assistant |
| 6. | Mr. Sandeep Nishad | Data Entry operator |
| 7. | Mr. Sagar | Driver |
| 8. | Smt Kamla Bai Deshlahare | Peon |
| 9. | Smt Rajeshwari | Sweeper |
| 10. | Smt Nirmala | Sweeper |

# सांस्कृतिक गतिविधियॉ

सांस्कृतिक गतिविधियॉ का आयोजन छात्र–छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए अति आवश्यक है। अतः महाविद्यालय में हुई गतिविधियो का विवरण इस प्रकार है–

वर्ष 2021–22 में महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंर्तगत महिला सेल द्वारा लता मंगेशकर व बप्पी लहरी जैसे संगीतज्ञो को श्रद्धांजली देने के लिए इनके जीवन परिचय से संबंधित नृत्य, नाटिका का आयोजन किया गया व हमारे बीच महाराष्ट्र के गायन कलाकार द्वारा विशेष प्रस्तुती दी गई।

विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता के अंर्तगत रंगोली, पूजाथाली सजाओ, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन महाविद्यालय में किया गया। इसी वर्ष हमारे महाविद्यालय द्वारा निर्मित सामग्रीयो को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में भी प्रदर्शित किया गया।

# खेलकूद गतिविधियॉ

गतवर्ष कोरोना महामारी के कारण व नैक टीम के आगमन की तैयारियॉ के कारण खेलकूद का आयोजन नही हो पाया। परंतु इसके बावजूद पीजीडीसीए की छात्रा यामिनी साहू ने जिला स्तरीय वेट लिफिटंग में कॉस्य पदक प्राप्त किया व हमारे महाविद्यालय को गोरान्वित किया।

# छात्रवृत्तियाँ

हमारे महाविद्यालय में विभिन्न संवर्गो से विद्यार्थी आते है। जिन्हे केंद्र आयोजित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसमें 133 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। साथ ही महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस वर्ष से फ्री शिप देने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। जिसके अंतर्गत पीजीडीसीए के 5 छात्र लाभन्वित हुए जिन्हे शिक्षण शुल्क में छूट प्रदान की गई।

## Government Scholarship Scheme (ST/SC/OBC)

| Category | Total No of Student | Amount in Rs |
|---|---|---|
| OBC | 89 | 434275 |
| SC | 17 | 182655 |
| ST | 27 | 130065 |
| Total | 133 | 746995 |

## Free ship Scheme by the Institution

| S. No. | Name of Students | Tuition fee | Concession given in Tuition fee |
|---|---|---|---|
| 1 | Tikeshwari | 18200 | 3000 |
| 2 | Priti Kurrey | 18200 | 3000 |
| 3 | Priti Dewangan | 18200 | 3000 |
| 4 | Priya Dewangan | 18200 | 3000 |
| 5 | Doman Singh | 18200 | 3000 |

# महाविद्यालय का पुस्तकालय

महाविद्यालय में स्थित पुस्तकालय में कुल पुस्तको की संख्या 6,600 है, 3 समाचार पत्र व 6 पत्रिकाएँ व 6 जर्नल्स छात्रो के अध्ययन के लिए उपलब्ध है। पुस्तकालय में इस वर्ष सें मनोकामना काऊन्टर का निमार्ण किया गया, जिसमें विद्यार्थी व प्राध्यापक गण प्रतियोगी परीक्षाओ से संबंधित पुस्तको का अध्ययन कर सकेंगे। साथ ही महाविद्यालय द्वारा ई–बुक्स का सब्सक्रिप्सन भी लिया गया। जिसके द्वारा छात्र व प्राध्यापक गण आनलाईन पुस्तको का अध्ययन कर सकेंगें।

# आंतरिक मूल्यांकन

महाविद्यालय में सत्र 2021–22 में समय समय पर विद्यार्थियो के लिए इकाई परीक्षा, अर्द्धवार्षिक परीक्षा व मॉडल परीक्षा का आयोजन किया गया। समग्र आंतरिक मूल्यांकन लिखित परीक्षा व पीपीटी प्रस्तुतीकरण तथा विभिन्न प्रतियोगिताओ के आघार पर किया जाता है।

# सोसायटी एवं इकाईयाँ
# रेडक्रॉस सोसायटी

हमारे महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसायटी का 20/08/2021 में गठन किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की प्रभारी श्रीमती सरिता ताम्रकार है तथा सोसायटी के वालेन्टीयर के रूप में महाविद्यालय की छात्र–छात्राएँ भी शामिल है। गतवर्ष रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

1. सर्वप्रथम 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर सुलेख स्लोगन प्रतियोगिता, भाषण, सुविचार एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।

2. सोसायटी द्वारा 2 अक्टूबर गॉधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में शपथ ग्रहण एवं ग्राम जेवरा में स्वच्छता अभियान के अंर्तगत शासकीय आयुर्वेद औषधालय, गोठान, पानी टंकी, ग्राम पंचायत, शासकीय स्कूल जेवरा परिसर में सफाई कराया गया। तत्पश्चात् ग्राम जेवरा सिरसा में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसके अंर्तगत नशा उन्मूलक, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण पर नारे लगाए गए।

3. महाविद्यालय परिसर में सोसायटी द्वारा विश्व आपदा नियंत्रण दिवस 20/10/2021 के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत आपातकाल में अग्नि से सुरक्षा के उपायो एवं तकनीकी के माध्यम से सुरक्षा की बारिकियों से अवगत करवाया गया।

4. दिनांक 30/11/2021 को मतदाता जागरूकता संबंधी व्यापक प्रचार प्रसार ग्राम जेवरा, सिरसा, नंदकट्ठी, चिखली व खपरी आदि में पोस्टर बनाकर जागरूक किया गया तथा VOTER HELP LINE EVM/VVPAT का भी व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

5. विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर 2021 को महाविद्यालय में ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रेड रिबन लगाकर जागरूकता रैली निकाली गई।

6. युवा दिवस 12/01/2022 के अवसर पर महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का ऑनलाईन आयोजन किया गया।

7. विश्व रेडक्रॉस दिवस 09/05/2022 के अंर्तगत महाविद्यालय परिसर में यूथ रेडक्रॉस के वालेनटियर एवं अन्य छात्र–छात्राओं हेतु चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## महिला सेल

महिला सेल द्वारा महाविद्यालय परिसर में समय समय पर विभिन्न पहलुओं पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो इस प्रकार है–

1. 17/06/2021 को कोविड–19 के दुष्परिणाम स्वरूप मानसिक संवेदनाओ को किस प्रकार संभाला जाए, इस अवसर पर ऑनलाईन वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय "Handling Emotion" था।

2. महिला सेल एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अंर्तगत महाविद्यालय परिसर में चतुर्थ वर्ग की महिलाओं को विटामिन की दवाईयो एवं स्वास्थय जागरूकता के लिए सेनेटरी नेपकीन का वितरण भी किया गया।

3. महाविद्यालय परिसर में समस्त प्राध्यापको के लिए दिनांक 30/03/2022 को वेलनेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

4. महिला सेल द्वारा स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर एवं संगीतकार बप्पी लहरी को मुंबई से आये हुए कलाकार द्वारा श्रद्धांजली संगीत प्रस्तुती के द्वारा दिया गया तथा छात्र–छात्राओ द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से लता जी के जीवन मूल्यों का दर्शन भी कराया गया।

5. अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस 08/03/2022 के अवसर पर पदम्श्री फूलबासन बाई व ट्रांसजेडर समिति की अध्यक्ष संध्या राजपूत (थर्डजेडर) का सम्मान महाविद्यालय परिसर में किया गया एवं छात्राओ द्वारा महिला सशक्तिकरण पर प्रस्तुती भी दी गई।

# यौन उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति

महाविद्यालय में महिला कर्मचारियों व छात्राओ के लिए ANTISAXUAL HARASSMENT CELL संचालित है, जिसमें वे अपनी आंतरिक समस्याओ का निवारण कर सकती है। समिति की सतर्कता से सत्र 2021–22 के दौरान कोई भी शिकायत का मामला दर्ज नही हुआ है।

# रैगिंग विरोध समिति

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः रैगिंग मुक्त बनाने के लिए रैंगिंग विरोधी समिति गठित की गई है। महाविद्यालय में प्रवेश के समय ही रैगिंग विरोधी कानूनो के बारे में छात्र–छात्राओं को अवगत कराया जाता है। समिति की सर्तकता के कारण सत्र–2021–22 के दौरान कोई भी रैंगिंग संबंधी मामला संज्ञान में नही आया है।

# शिकायत निवारण समिति

महाविद्यालय में शिकायत निवारण समिति का भी गठन किया गया है, जिसके अन्तर्गत छात्र– छात्राओं के द्वारा शैक्षिक एवं प्रबंधन संबंधी समस्याओं का निवारण किया जाता है। इस सत्र में 5 शिकायते लिखित रूप में प्राप्त हुई, जिसका निवारण प्राचार्य की उपस्थिति में समिति के द्वारा किया गया।

# शैक्षणिक भ्रमण एवं क्षेत्र कार्य

महाविद्यालय द्वारा समय समय पर छात्र–छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ के दार्शनिक स्थलों पर भ्रमण कराया जाता है। इस वर्ष बी.कॉम के छात्रो द्वारा प्राचीन कालीन मंदिरो के अंर्तगत धमधागढ़ की प्राचीन धरोहर के रूप में महामाया मंदिर, प्राचीन किला, दशावतार की प्रतिमाएँ, कलचुरी वंश कालीन मूर्तियो का अवलोकन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य अपने आस–पास की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत से परिचित होना था। साथ ही बी.एड. के छात्र–छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के अंर्तगत रायपुर में स्थित गुरूघासीदास संग्रहालय व गढ़कलेवा का दर्शन कराया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को सांस्कृतिक धरोहर व छत्तीसगढ़ के व्यंजनो को जानने का अवसर प्राप्त हुआ। क्षेत्र कार्य के अर्तगत बी.कॉम के छात्रो द्वारा जेवरा ग्राम पंचायत में स्थित पानी टंकी व सौर उर्जा संयंत्र का अवलोकन किया गया।

## राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

देव संस्कृति महाविद्यालय में सत्र 2021–22 के अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 7 दिवसीय ऑनलाईन योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के अंर्तगत सातो दिन अलग अलग THEAM (विषयवस्तु) पर विस्तार से चर्चा की गई एवं विशेष सलाह भी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित सभी छात्र–छात्राएँ एवं महाविद्यालय के द्वारा योग को प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करने की शपथ भी ली गई।

## राष्ट्रीय एक दिवसीय वेबीनार

IQAC सेल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 05/06/2021 को राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें प्रोफेसर कृपा शंकर तिवारी (डायरेक्टर भाग्योदय फाउन्डेशन नई दिल्ली) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। इस वेबीनार का विषय " Sustainable consumerism and management of our Natur " था। जिसका मुख्य उद्‌देश्य लोगो में पर्यावरण जागरूकता एवं हमारे जीवन में पर्यावरण के महत्व को बताना था।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

महाविद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तको के रखरखाव एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए ''बुक बाईडिंग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अंर्तगत छात्रो को खराब पुस्तको का बाइंडिंग करना व विभिन्न प्रकार के लिफाफे बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके द्वारा छात्रो को स्वरोजगार करने का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## गोद ग्राम योजना

इस वर्ष 2021–22 में हमारे महाविद्यालय द्वारा गोद ग्राम योजना के अंर्तगत जेवरा ग्राम को गोद लिया गया। इसके अंर्तगत विंभिन्न रचनात्मक कार्य, पर्यावरण एवं संरक्षण, स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम एवं जागरूकता कार्यक्रम आदि कार्यो का संचालन किया जाता है। 27 मार्च 2022 को महाविद्यालय द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम जेवरा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जेवरा ग्राम की महिलाओं को फिनाईल, हेन्डवाश, डिशवॉश, एवं रूम फ्रेशनर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्‌देश्य स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था। साथ ही नवसंचार शिक्षण परिषद् (NGO) द्वारा ग्रामीण महिलाओं में स्वास्थय जागरूकता का प्रसार करने के लिए स्वास्थय वर्धक दवाईयो एवं सेनेंटरी पैड का मुफ्त वितरण भी किया गया।

# विभिन्न संस्थाओ से अनुबंध (MOU)

महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्यो के लिए विभिन्न संस्थानो के साथ अनुबंध किया गया है। जिनमें से सत्र 2021–22 में इस प्रकार है–

1. शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ जिला–राजनांदगॉव,
2. सन्डे कैंपस भिलाई,
3. नवसंचार शिक्षण परिषद्, देवेन्द्र नगर, रायपुर (NGO)
4. शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगॉव

# महाविद्यालय की उपलब्धियॉ

सर्वप्रथम महाविद्यालय के लिए अति हर्ष का विषय है कि सत्र 2021–22 में इसे नैक बैंगलुरू के मानको के अनुसार ''बी प्लस ग्रेड'' से मान्यता प्राप्त हुई जो कि इस महाविद्यालय के इतिहास में सबसे बड़ी उपलब्धि हैं। इसी प्रकार महाविद्यालय को श्रेष्ठ बी.एड. व डी.एल.एड. कालेज का अवॉर्ड हमारी राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके के हाथो प्राप्त हुआ है, जो महाविद्यालय कि लिए अति गौरव का विषय था। इसी सत्र में हमारे महाविद्यालय के कई छात्र NET/SET/ TET व PSC (सहा.प्राध्यापक) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओ में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय को गोरान्वित किया। महाविद्यालय के केवल छात्र ही नही प्राध्यापको ने भी पी.एच.डी. में नामांकन कराया व रिसर्च कार्य की तरफ अपना योगदान दे रहे हैं। पी.एच.डी. में इस वर्ष 4 नए प्राध्यापको ने अपना नामांकन कराया, इस प्रकार कुल 6 प्राध्यापक गण रिर्सच कार्य से जुड़े हुए है। जो महाविद्यालय के लिए अति गौरव की बात है। आगे भी महाविद्यालय प्राध्यापको को रिसर्च कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। रिसर्च कार्य के अंर्तगत रिसर्च पेपर भी प्रकाशित किए गये, जिसमें हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा 2 रिसर्च पेपर भूगोल विषय पर रिसर्च जर्नल्स में प्रकाशित किया गया व एक पुस्तक प्रायोगिक भूगोल विषय का भी प्रकाशन किया गया।

भविष्य की योजनाएॅ–

1. नये पाठ्यक्रम डीसीए का प्रारंभ व सीट वृद्धि पीजीडीसीए में किया जाएगा।
2. कुछ इंन्डस्ट्रीज व शासकीय संस्थानो के साथ अनुबंध किया जायेगा।
3. राष्ट्रीय या अंर्तराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।
4. विभिन्न संस्थानों द्वारा प्लेसमेंट की व्यवस्था की जायेगी।

अंत में मै महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको, गैर शिक्षक कर्मचारियों, छात्रो, अभिभावको, समस्त प्रशासन विभागों, समस्त पत्रकार बंधुओ, सभी सामाजिक संगठनो और उन सभी विशिष्ट व्यक्तियों को धन्यवाद् देना चाहता हूँ, जिन्होने समय समय पर अपना सहयोग दिया।

मै सभी विद्यार्थियो और समस्त स्टॉफ की तरफ से मुख्यअतिथि का विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने अपने व्यस्त कार्यक्रम से अपना बहूमूल्य समय निकाला और सभी विद्यार्थीयों को अपना आर्शीवाद दिया व उत्साहित किया। आप के सहयोग, सक्रियता व मार्गदर्शन से महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियॉ प्राप्त की है, व ऊॅचाई की बुलंदियो को छुआ है।

मै सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ और उनके समृद्ध भविष्य की कामना करता हूँ।

डॉ. कुबेर सिंह<br>
गुरूपंच<br>
प्राचार्य